आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 93 ● कटनी ● शुक्रवार, 6 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## 19वें एशियन गेम्स अगले आदेश तक स्थगित, चीन में 10 सितंबर से होना था आयोजन

**नई दिल्ली** । एशियन गेम्स के 19वें संस्करण को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। चीनी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कोरोना महामारी के चलते यह फैसला लिया गया है। आने वाले समय में एशियन गेम्स के आयोजन के लिए नई तारीखों का एलान किया जाएगा। एशियन गेम्स का 19वां संस्करण चीन के ग्वांगझू में 10 सितंबर से 25 सितंबर के बीच आयोजित होना था। एशिया की ओलंपिक परिषद ने एशियन गेम्स को स्थगित करने के पीछे कोई वजह नहीं बताई है।

# महंगाई की बड़ी मार, खर्च में कटौती करने को रहें तैयार

## साबुन-शैम्पू समेत कई उत्पाद 15 फीसदी तक महंगे



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक की ओर से महंगाई पर अंकुश के लिए नीतिगत दरों में वृद्धि के एक दिन बाद गुरुवार से उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली कंपनियों ने दाम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। हिन्दुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) ने साबुन-शैम्पू समेत कई उत्पादों के दाम में 15 फीसदी तक इजाफा किया है।खबरों के मुताबिक पिसर्य साबुन की 125 ग्राम साबुन की कीमत में 2.4 फीसदी और मल्टीपैक में 3.7 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। लक्स साबुन के दाम में नौ फीसदी का इजाफा किया है। जबकि सनसिल्क शैम्पू की कीमतों में भी 10 फीसदी की बढ़ोतरी की है। क्लिनिक प्लस शैम्पू की कीमत में 15 फीसदी की वृद्धि की गई है। इसके अलावा अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की कीमत में भी 10 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। सबसे बड़ी बात कि महज दो माह के भीतर ही एफएमसीजी कंपनियों ने दाम में वृद्धि की है। इससे पहले एचयूएल और नेस्ले ने मैगी, चाय और कॉफी कीमतें इस साल 14 मार्च से बढ़ाई थीं। पिछले दिनों एचयूएल के सीईओ और एमडी संजीव मेहता ने कहा था कि उन्होंने कंपनी में बिताए 30 सालों में इस तरह की महंगाई की स्थिति नहीं देखी है।दूसरी ओर ब्रिटानिया ने भी इस साल उत्पादों की कीमतों में 10 फीसदी वृद्धि का ऐलान किया है। पहले कंपनी ने सात फीसदी वृद्धि करने की बात कही थी, लेकिन कंपनी के प्रबंध निदेशक वरूण वेरी ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए कंपनी चालू वित्त वर्ष में पहले के अनुमान से अधिक दाम बढ़ाएगी।

### खर्च में कटौती को मजबूर हुए लोग- कंटार

दाम में तेज वृद्धि से उपभोक्ता रोजमर्रा के उत्पादों पर होने वाले खर्च में कटौती को मजबूर होने लगे हैं। कंटार की एक रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में एफएमसीजी उत्पादों पर कुल खर्च 0.8 फीसदी घटा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में वृद्धि से कुल गिरावट कम रही है। ग्रामीण क्षेत्र में इनपर खर्च 1.7 फीसदी बढ़ा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 3.4 फीसदी की गिरावट आई है। एफएमसीजी उत्पादों की कुल बिक्री में शहरी क्षेत्रों की हिस्सेदारी दो तिहाई है।




## शेयर मार्केट में हाहाकार

मुंबई। ग्लोबल मार्केट में गिरावट का असर भारतीय बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी में हफ्ते के पांचवें कारोबारी दिन शुक्रवार को भारी गिरावट हैं। सेंसेक्स 1000 पॉइंट से ज्यादा की गिरावट के साथ 54,700 से नीचे, जबकि निफ्टी करीब 300 अंको की गिरावट के साथ 16,400 से नीचे कारोबार कर रहा है। आईटी, मेटल, रियल्टी और प्राइवेट बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट है।

# ABVP के पूर्व नेता भैया इज बैक टू जेल

## सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज की कहा- सात दिन में करो सरेंडर



**नई दिल्ली।** जबलपुर में दुष्कर्म के आरोपी को जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद शहर भर में 'भैया इज बैक' के पोस्टर लगवाना महंगा पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की जमानत रद्द कर हुए वापस जेल भेजने का आदेश सुना दिया। चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने पीड़िता की याचिका पर फैसला सुनाते हुए आरोपी को एक हफ्ते में पुलिस के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया। मध्यप्रदेश में विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी ABVP के छात्र नेता को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी थी। इसके बाद उसके समर्थकों ने शहर भर में 'भैया इज बैक' के पोस्टर लगवाए थे। इसके बाद पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोपी की जमानत खारिज करने की मांग की थी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमण, जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने आरोपी शुभांग गोटिया को प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के आधार पर राहत दी थी। जबकि, उसके आपराधिक इतिहास की अनदेखी की गई थी।जस्टिस हिमा कोहली ने पोस्ट का जिक्र करते हुए कहा, इस गंभीर अपराध में दो महीने से कम समय में हिरासत से रिहा होने के बाद आरोपी और उसके समर्थकों के जश्न गुणगान करने वाले हैं। जबकि इस गंभीर अपराध के लिए कम से कम दस साल की सजा होती है। पीठ ने यह भी कहा कि इस बेशर्म आचरण ने शिकायतकर्ता के मन में एक वास्तविक भय पैदा किया कि उसे एक निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी। आरोपी के गवाहों को प्रभावित करने की भी आशंका है। पीठ ने कहा, सोशल मीडिया पर तस्वीरों के साथ टैग कैप्शन समाज में आरोपी व उसके परिवार की बेहतर स्थिति और शक्ति को उजागर करते हैं। शिकायतकर्ता पर इसके हानिकारक प्रभाव को भी जाहिर करते हैं। लिहाजा पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया और आरोपी को एक सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। पीड़िता ने हाईकोर्ट के आदेश का विरोध करते हुए कहा था, रिहाई के बाद उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया में दिखाई दीं, जिसमें उसके शॉट प्रमुख रूप से पोस्टर और होर्डिंग पर समाज के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों के चेहरे के साथ सबसे आगे दिखाए गए और 'भैया इज बैक', 'बैक टू भैया' जैसे कैप्शन के साथ उसका स्वागत किया गया। वहीं आरोपी ने दावा किया कि वह छात्र नेता है और पोस्टरों से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि कोर्ट ने कहा, मुकुट और दिल के इमोजी इस तर्क को झुठलाते हैं। पीड़िता के पिता ने जबलपुर एसपी को ज्ञापन भी दिया। इस तरह की हरकत पर आरोपी जमानत की रियायत का हकदार नहीं है।

## मप्र के निलंबित आईपीएस पुरुषोत्तम शर्मा को कैट से राहत

### पौने दो साल से चल रहे निलंबित



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी निलंबित पुरुषोत्तम शर्मा को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने राहत प्रदान की है जिसमें उन्हें बहाल करने का आदेश दिया है। शर्मा ने आदेश की प्रति राज्य शासन के गृह विभाग को भेज दी है लेकिन गृह सचिव गौरव राजपूत का कहना है कि अभी अधिकृत रुप से कैट का आदेश नहीं मिला है।मध्य प्रदेश के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा अपने निलंबन के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) की शरण में गए थे। शर्मा ने उनके निलंबन को बार-बार बढ़ाए जाने को चुनौती दी थी जिसमें कैट ने राज्य शासन को निलंबन को गलत मानते हुए उनकी बहाली के आदेश दिए हैं। हालांकि कैट का यह आदेश अभी गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय तक नहीं पहुंचा है लेकिन शर्मा की तरफ से इसकी प्रति मध्य प्रदेश गृह विभाग को भेज दी गई है।गौरतलब है कि पुरुषोत्तम शर्मा का 2020 में घरेलू हिंसा का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद ही राज्य शासन ने 29 सितंबर 2020 को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद उनके निलंबन को पांच बार बढ़ाया जा चुका है। राज्य शासन कैट के आदेश के अधिकृत रूप से मिलने का इंतजार कर रही है। सूत्र बताते हैं कि फिलहाल शर्मा की बहाली के पक्ष में राज्य सरकार नहीं है और कैट के आदेश को अदालत में चुनौती दे सकती है।

## सरकारी अनुदान प्राप्त स्कूल के शिक्षक भी 65 साल की उम्र में रिटायर हो सकेंगे

**इंदौर।** इंदौर सहित प्रदेश के सरकारी अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुदान प्राप्त शिक्षकों के संगठन की अपील पर सुनवाई करते हुए फैसला दिया है कि उनकी रिटायरमेंट की उम्र भी 65 साल रहेगी। हाई कोर्ट ने संगठन की अपील खारिज कर दी थी। निजी शिक्षकों के लिए निर्धारित 60 साल की उम्र को ही सही माना था। इस फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस बीवी नागरत्ना की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी करते हुए फैसला दिया कि हाई कोर्ट का आदेश गलत है। अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को भी सरकारी की तरह 65 साल तक नौकरी करने का अधिकार है। उनकी रिटायरमेंट की उम्र भी 65 साल की जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने मई 2017 में याचिका खारिज कर दी थी। तब से ही मामला शीर्ष अदालत में विचाराधीन था। शहर में कई ऐसे स्कूल हैं, जो सरकारी अनुदान से संचालित हो रहे हैं।

## अमरनाथ यात्रा मार्ग पर मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। कश्मीर पुलिस जोन के मुताबिक इस मुठभेड़में एक आतंकी मारा गया है। हालांकि ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग के पहलगाम इलाके के श्रीचंद टॉप वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने वहां घेराबंदी कर तलाशी शुरू की। वहां छिपे हुए आतंकवादियों के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान एक मुठभेड़ में बदल गया।

## दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को घेरा

**दंतेपाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ चल रही है। बताया जा रहा है कि ष्ठक्रत्र के जवानों ने नक्सलियों को घेर लिया है। नक्सलियों के कई बड़े कैडर्स के साथ जवानों की मुठभेड़ जारी है। फिलहाल अंदरूनी और नक्सल प्रभावित इलाका होने की वजह से ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

### ऊंची उड़ान

## सब्जी विक्रेता की बेटी अंकिता बनी सिविल जज, हासिल की 5वीं रैंक



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में एक सब्जी विक्रेता की बेटी ने सभी बाधाओं और मुश्किलों को पार करते हुए कामयाबी की ऊंची उड़ान भरी। 29 वर्षीय अंकिता नागर अपने चौथे प्रयास में भर्ती परीक्षा को पास करने के बाद सिविल जज बनीं। उन्होंने परीक्षा में 5वीं रैंक हासिल की है। अंकिता ने कहा कि वह अपने तीन प्रयासों में परीक्षा पास करने में नाकाम रहीं लेकिन कभी भी जज बनने के अपने सपने को छोड़ा नहीं। चौथे प्रयास में आखिर वह सिविल जज क्लास-2 की परीक्षा पास करने में सफल रहीं। उन्होंने कहा, मेरे पास खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। उनके पिता अशोक नागर शहर के मूसाखेड़ी इलाके में सब्जी विक्रेता हैं। वह परीक्षा की तैयारियों के बीच खाली समय में पिता के काम में भी मदद करती थीं।

## दुनिया में कोरोना से 1.5 करोड़ मौतें

### WHO का दावा- यह जारी आंकड़े से 3 गुना ज्यादा



**वॉशिंगटन।** दुनिया के कई हिस्सों में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गुरुवार को एक रिपोर्ट जारी की है। हेल्थ एजेंसी के मुताबिक, दुनिया भर में कोरोना से लगभग 1.5 करोड़ लोगों की जान गई है, जो कि ऑफिशियल रिलीज डेटा से 3 गुना ज्यादा है। भारत पर नजर डालें तो यहां कोरोना से 47 लाख मौतें होने का अनुमान लगाया गया है, जो दुनिया भर की मौतों का एक तिहाई है और ऑफिशियल आंकड़ों की तुलना में 10 गुना ज्यादा है। WHO ने महामारी के दौरान हुई मौतों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों तरह की मौतों को शामिल किया है। यह आंकड़े जनवरी 2020 से दिसंबर 2021 तक के हैं। ऑफिशियल आंकड़े विश्व में सिर्फ 54 लाख मौतों की जानकारी ही देते हैं।रिपोर्ट में ऐसे मरीजों को भी गिना गया है जिनकी मौत महामारी के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से हुई थी। यानी, इसमें 95 लाख वो लोग भी शामिल हैं जो दूसरी बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन उन्हें सही वक्त पर इलाज नहीं मिल सका। WHO की मानें तो महामारी से पहले भी दुनिया में हर 10 में से 6 लोगों की मौत दर्ज नहीं की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी की थी। सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम 2020 नाम से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में देश में कुल 81.16 लाख लोगों की मौत हुई थी। इनमें से 45% लोगों को कोई मेडिकल ट्रीटमेंट नहीं मिला था। इलाज के अभाव में यह अब तक की सबसे ज्यादा मौतें हैं। 2019 में यह आंकड़ा देश भर में हुई मौतों का 34.5%

**भारत में 47 लाख लोग महामारी का शिकार बने**

## अवैध खनन मामला- देश भर में 18 से ज्यादा ठिकानों पर ईडी ने मारे छाप

### महिला आईएएस अधिकारी समेत कई हाईप्रोफाइल नाम हैं शामिल



**रांची** । झारखंड में अवैध खनन मामले में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने देश भर में 18 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें झारखंड में सबसे ज्यादा जगहों पर छापे पड़े हैं। बताया जा रहा है कि ईडी को काफी समय से अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद ईडी ने इस मामले में गोपनीय जानकारी इकट्ठा की और एक साथ कई जगहों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम ने देश में एक साथ 18 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें झारखंड की एक महिला आईएएस अधिकारी का घर भी है। ईडी की इस कार्रवाई से पूरे राज्य में सनसनी फैल गई है। सूत्रों की मानें तो ईडी की टीम ने झारखंड की माइनिंग सेक्रेटरी पूजा सिंघल के घर पर छापेमारी की है। इसके अलावा उसे कई अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ सबूत मिले हैं, जो अवैध खनन के जरिए मोटी कमाई कर रहे हैं। इस संबंध में जयपुर, फरीदाबाद, चंडीगढ़, मुजफ्फरपुर, कोलकता में भी कई जगहों पर छापेमारी की गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने अवैध खनन मामले में 2012 में जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिन्हा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसके बाद इस मामले में कई हाईप्रोफाइल नाम सामने आए थे। पता चला था कि अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही है। उस समय सामने आया था कि कई आईएएस अधिकारियों और नेताओं के जेई राम विनोद सिन्हा से अच्छे संबंध थे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले केदारनाथ धाम के कपाट



**रुद्रप्रयाग।** वैदिक मंत्रोच्चार और सभी विधि विधान के साथ आज केदारनाथ धाम के कपाट खुल गए। मंदिर के कपाट सुबह 6 बजकर 26 मिनट पर खोले गए। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। मंदिर को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के दौरान 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु मौजूद रहे। कोविड के कारण दो साल से मंदिर भक्तों के लिए बंद था। लगभग दो साल बाद श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर रहे हैं। भक्त अब छह महीने तक बाबा केदारनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकते हैं। केदारनाथ की पंचमुखी डोली गुरुवार को भक्तों के जयकारे के बीच धाम पहुंची।



## लाउडस्पीकर पर अजान मौलिक अधिकार नहीं

**इलाहाबाद।** उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकरों को उतारे जाने के फैसले पर हाई कोर्ट से भी मुहर लग गई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि लाउडस्पीकर पर अजान मौलिक अधिकार नहीं है। इस अहम टिप्पणी के साथ कोर्ट ने बदायूं के एक मौलवी की ओर से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट का यह फैसला ऐसे समय पर आया है जब योगी सरकार के आदेश पर यूपी में धार्मिक स्थलों से एक लाख से अधिक लाउस्पीकर उतारे गए हैं और इससे कहीं अधिक की आवाज को कम कर दिया गया है।बदायूं की नूरी मस्जिद के मुतवल्ली इरफान की ओर से दायर याचिका को जस्टिस विवेक कुमार बिरला और जस्टिस विकास बधवार की बेंच ने खारिज कर दिया है। इरफान ने अजान के लिए लाउडस्पीकर लगाने की इजाजत मांगते हुए एसडीएम तेहसील बिसौली को आवेदन दिया था। एसडीएम की ओर से इसे खारिज करने के बाद इरफान ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इरफान ने कोर्ट से मांग की थी कि सरकार और प्रशासन को मस्जिद में लाउडस्पीकर/माइक लगाने की इजाजत देने का निर्देश दिया जाए। उसने यह भी दलील दी कि एसडीएम का फैसला अवैध है और उसके मौलिक अधिकारों का हनन है। कोर्ट ने इरफान की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि कानून तय हो चुका है कि मस्जिद पर लाउडस्पीकर का इस्तेमाल मौलिक अधिकार नहीं है। कोर्ट ने इरफान के तर्कों को अस्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

**इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका**

### हैदराबाद में ऑनर किलिंग

## बहन दया की भीख मांगती रही, पर नहीं माना भाई



**जीजा पर करता रहा प्रहार, नया वीडियो आया**

**हैदराबाद** । तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में हुई नागराजू की ऑनर किलिंग का नया वीडियो आया है। इसे देखने पर दिल दहल सकता है। इस खौफनाक वीडियो में नजर आ रहा है कि भरे चौराहे पर हत्या को अंजाम दिया गया। जब हत्यारा भाई अपने जीजा पर रॉड से प्रहार करता है, तब उसकी बहन सैयद सुल्ताना उससे अपने पति को बचाने के लिए दया की भीख मांगती है, लेकिन उसका दिल जरा भी नहीं पसीजता है। सोशल मीडिया में वायरल इस वीडियो में सुल्ताना का भाई साफ दिखाई दे रहा है। 4 मई बुधवार को हैदराबाद के सरूरनगर में इस वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया जब नागराजू अपने पत्नी सुल्ताना के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। बताया गया है कि सुल्ताना द्वारा कॉलेज के दिनों के मित्र नागराजू से शादी करने से उसका परिवार खफा था। 23 वर्षीय सुल्ताना उर्फ पल्लवी से नागराजू ने 31 जनवरी को शादी की थी। नागराजू दूसरे धर्म का था इसलिए सुल्ताना के परिवारवाले उससे नाराज थे। इसी कारण सुल्ताना के भाई ने नागराजू को मार डाला। अपनी आंखों के सामने अपने पति की हत्या से बुरी तरह विचलित सुल्ताना ने विलाप करते हुए पूरी घटना की जानकारी दी। उसने कहा कि वह हत्यारों से अपने पति की जान की भीख मांगती रही, लेकिन उन्होंने मेरे पति को चाकुओं से गोद डाला।

## जोर-जोर से बजा रहा था भजन, युवक को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**अहमदाबाद** । गुजरात के मेहसाणा जिले में एक युवक की इसलिए पीट-पीटकर हत्या कर दी गई कि वह मंदिर में लाउडस्पीकर पर जोर-जोर से आरती बजा रहा था। गुजरात के मंदिरों में लाउडस्पीकरों के शोर के कारण हिंसा की यह दूसरी घटना है। मेहसाणा जिले की लंघनाज पुलिस के अनुसार घटना बुधवार शाम 7 बजे जोतना तालुका के लक्ष्मीपुरा गांव में हुई। मृतक जसवंतजी ठाकोर दिहाड़ी मजदूरी करता था। जसवंत के बड़े भाई अजीत ठाकोर ने पुलिस को बताया कि दोनों अपने घर के पास मेल्डी माता मंदिर में आरती कर रहे थे। इस दौरान लाउडस्पीकर पर आरती चल रही थी। तभी सदाजी ठाकोर, विष्णुजी ठाकोर, बाबूजी ठाकोर, जयंतीजी ठाकोर, जावनजी ठाकोर और वीनूजी ठाकोर आए और बोले कि इतनी जोर की आवाज में लाउडस्पीकर क्यों बजा रहे हो? अजीत ने कहा कि हम आरती कर रहे हैं, इसके बाद सदाजी ने गाली गलौज शुरू कर दी।इस पर आपत्ति लेने पर सदाजी ने अपने सहयोगियों को बुला लिया। सभी ने लाठियों से हम पर हमला बोल दिया।हमले में जसवंत व अजीत बुरी तरह घायल हो गए।



## ज्ञानवापी मस्जिद में आज होगा सर्वे और वीडियोग्राफी, वाराणसी में अलर्ट

**नई दिल्ली** । आज पूरे देश की नजर वाराणसी पर है जहां कोर्ट के आदेश के अनुसार ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे किया जाएगा। दावा है कि मस्जिद जहां बनाई गई है, वहां पहले मंदिर था, जिसके प्रमाण अभी भी मौजूद है। मुस्लिम पक्ष ने जहां सर्वे और वीडियोग्राफी का विरोध किया है, वहीं हिंदू पक्ष का कहना है कि सच सामने लाने के लिए हर हाल में कोर्ट के आदेश का पालन होना चाहिए। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, 6 मई को सर्वे कर 10 मई को रिपोर्ट सौंपी जाना है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए त्न4डुठ्ठ1डुश्चद्ब स्थ्रह्यह्लह्वद्र में तीन स्तर की सुरक्षा की गई है। वहीं समूचे वाराणसी शहर में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। मस्जिद के मौलाना का कहना है कि वे किसी सर्वे टीम को मस्जिद में प्रवेश नहीं करने देंगे।

# यशभारत में बिखरा इशिता की आवाज का जादू

**यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में शहर की जानी मानी हस्ती प्ले बैक सिंगर और इंडिया गॉट टैलेंट की सेकेंड रनअप इशिता विश्वकर्मा ने आज यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला को दिए साक्षात्कार में अपने सिंगिंग के सफर को लेकर विस्त्रित चर्चा की और इस दौरान अपना पंसदीदा नगमा, जब कोई बात बिखर जाए.....जब कोई मुश्किल पड़ जाए...तुम देना साथ मेरा ओ हमनबां....को आवाज देकर सुरों की तान छेड़ी।**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

### सिंगर बनने का सपना बचपन से था

ईशिता विश्वकर्मा ने बताया कि गायकी का शौक उन्हें शुरु से था और वह इस फील्म में शुरु से ही जाना चाहती थीं। जिसको लेकर लगातार रियाज करना उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा है।

– माता-पिता और गुरुजनों का आर्शीवाद

ईशिता ने बताया कि सिगिंग की दुनिया का सफर माता-पिता से शुरु हुआ और फिर गुरुजनों का आर्शीवाद प्राप्त हुआ। जिसके बाद ही आज वह उस मुकाम पर पहुंची है। लेकिन अभी संघर्ष जारी है।

### – जल्द बिखरेगा फिल्मों में आवाज का जादू

ईशिता ने अपने वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट के विषय में बताया कि इंडिया गॉट टैलेंट में सेकेंड रनअप के बाद उन्होंने दोबारा से शुरुआत की। जिसका बहुत अच्छा रिस्पॉंस मिला । इसका ही नतीजा है कि आज वह फिल्म सीता में सुनिधी चौहान के साथ गायकी का जादू बिखेरेंगी। साथ ही नफीशा फिल्म के लिए भी उन्हें साइन किया गया है।



यश भारत प्राईम टाईम विथ आशीष शुक्ला में शहर की ख्यातिलब्ध सिंगर इशिता विश्वकर्मा

### नर्मदा मैया का पानी छूटता नहीं, संस्कारधानी के लिए ही जा रही हूं मुंबई

जब ईशिता से पूछा गया कि वह अब संस्कारधानी को छोड़कर मुंबई जाएंगी तो उन्होंने कहा कि नर्मदा मैया का पानी तो छूटता नहीं है। लेकिन वह कोशिश करेंगी कि वह अपने आप को मुंबई में, संस्कारधानी के लिए स्थापित कर सकें।

### – कोविड के कारण नहीं मिल पाई बुलंदी

ईशिता ने अपने कैरियर को लेकर बात करते हुए बताया कि सारेगामापा विन करने के बाद कोविड आ गया। यह उनके लिए किसी दुर्भाग्य से कम नहीं था। जिसके बाद उन्हें वह बुलंदी हासिल नहीं हो सकी, जो मिलनी थी। जिसके बाद उन्होंने दोबारा से इंडिया गॉट टैलेंट में ऑडिशन दिया और सेकेंड रनअप रहीं। जिसके बाद उनकी सफलता के दरबाजे खुल गए।

### – संस्कारधानी में गायकी की अन्य हस्तियां गुम हो गयीं

संस्कारधानी में कलाकारों की शुरु से ही कमी नही थी। इसके पहले भी आभास और अन्य कालाकारों ने गायकी की दुनिया में कदम रखा, लेकिन फिर गायब हो गए। इस सवाल पर ईशिता ने बड़ी बेबाकी से जबाव देते हुए कहा कि मेहनत कभी नहीं छोड़नी चाहिए। मेहनत का फल जरुर मिलता है।

### – मुंबई में मैं बन सकूं गॉडफादर

मुंबई में अपने आप को स्थापित करने के सवाल पर ईशिता ने कहा कि उनका मुंबई में कोई गॉडफादर नहीं है। वह अपनी मेहनत के बल पर वहां जगह बनाने की कोशिश कर रही हूं। क्योंकि मुंबई में बॉलीबुड इतनी आसानी से किसी को प्रवेश नहीं देता। मैं अभी न्यू हूं। वैसे भी मेरा यह सपना है कि मैं स्वयं मुंबई में किसी की गॉडफादर बन सकूं। ऐसा प्रयास जारी है।

### रियालटी शो और बॉलीबुड दोनों में बहुत अंतर है

ईशिता ने बताया कि रियालटी शो और बालीबुड के स्टूडियों में गायकी का जादू बिखेरना। दोनों में बहुत अंतर है। जब तक अपको फिल्में साइन ना किया जाए, तब तक केवल ऑफर ही समझना चाहिए। बॉलीबुड में स्थान बनाना बहुत कठिन है। लेकिन मैं आशावादी हूं और पूरी तरह से तैयार हूं।

---

## नहीं सुधरे तो गर्मी के बाद भी होगा संकट, वर्षा जल को संग्रहित करना ही विकल्प, सीमेंट सड़कों से दूरी, वाटर हार्वेस्टिंग पर गंभीरता से ध्यान जरूरी

# क्रांक्रीट में तब्दील शहर, निर्माण कार्यों के लिए भयंकर जल दोहन

**कटनी।** कटनी शहर में भीषण जल संकट के पीछे सबसे बड़ा कारण भूजल स्तर का नीचे जाना है। हाल में नगर निगम ने कई स्थानों पर बोर कराए 4 सौ फुट खुदाई के बाद भी पानी नहीं निकला मतलब साफ है शहर के कुछ क्षेत्रों को छोड़ दें तो अब जमीन का जल स्तर पूरी तरह से समाप्त हो गया है। यह सिर्फ गर्मी में जल संकट ही नहीं शहर में हमेशा के लिए जल संकठ की ओर इशारा कर रहा है लेकिन सवाल यह कि आखिर जल स्तर नीचे क्यों चला गया। इस बारे में लोगों की अलग अलग राय है प्रमुख दोष बीते वर्षो में सामान्य या फिर सामान्य से कम बारिश पर मढ़ दिया जाए तो कोई आश्चर्य नहीं, लेकिन यह सही नहीं है। कम बारिश के बाद भी जल भूजल स्तर को मेंटेंन किया जा सकता है। अगर प्रशासन और जनता दोनों इस दिशा में विचार करें। हमने कुछ ऐसे कारणों को तलाश जो जमीन के जल स्तर को शहरी क्षेत्र में कम करने के प्रमुख कारण है। आइए जानते हैं कौन कौन से कारण हो सकते हैं।

### क्रांक्रीट में बदला शहर

सबसे पहला कारण जिसे हर कोई मानेगा वह है शहर की बढ़ती बसाहट और क्रांक्रीट में में तब्दील होता शहर। कृषि भूमि का सिमटना भूखंड प्लाट में तब्दीन होता क्षेत्र और इन कालोनियों में वर्षा जल को संग्रहित न करने के उपाय, इसके साथ एक और मुख्य कारण है सीसी रोड। कटनी के वार्डो में हर जनप्रतिनिधि सिर्फ सीमेंट रोड ही बनवाना चाहता है। गली कूचों में सीमेट रोड बीते दस सालों में अत्याधिक तादात में बनीं सीमेंट रोड बनने और इसके आजू बाजू नालिया बनने से न सिर्फ वर्षा का जल बह कर इस क्षेत्र से दूर पहुंच गया वरन घरों से निकलने वाला वेस्ट पानी भी पक्की नालियों से बह गया। निश्चित ही आप सोच रहे होंगे कि सीमेट सड़क और नालियां तो स्वच्छता के लिए जरूरी है तो हम आपको बता दें कि दुनिया के कई देशों में सीमेंट सड़क और नालियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां पेवर ब्लाक की सड़क और नालियों में भी जमीन पर यही लगाई जाती हैं। देश में भी कई नगर निगमों में सीमेंट सड़कें बनाने की जगह पेवर ब्लाक लगाए जा रहे हैं। जानकार बताते हैं कि जहां पर सीमेंट की सड़के कम हैं वहां भूजल स्तर अच्छा है। कटनी शहर में तुझसे अच्छी मेरी सड़क के फेर में जनप्रतिनिधियों तथा ठेकेदारों की कमीशनबाजी के चक्कर में जमकर सीमेंट की सड़कें बनाई गई। और तो और मुख्य मार्गो में भी सीमेंट सड़क को ही तरजीह दी गई परिणाम आपके सामने हैं।



### छोटे ताल-तलैयों का खत्म हुआ अस्तित्व

इसी तरह कटनी शहर में कई ऐसी छोटी ताल तलैया का अस्तित्व समाप्त होने से भूजल स्तर गिर गया। एक उदाहरण लल्लू भैया की तलैया को ही लें तो बीते दस सालों में यह जो कभी एक तालाब हुआ करता था आज पूरी तरह से मार्केट में तब्दील हो गया। ऐसी ही हालत अन्य ताल तलैयों की भी हो गई।

### नवीन भवन मार्केट बेसमेंट को खोखला किया गया

एक और कारणा भी भूजल स्तर गिरने का साफ दिखाई पड़ता है कटनी शहर में बीते 5 सालों में बड़ी बड़ी कालोन, निजी भवन मार्केट, अपार्टमेंट, मॉल आदि निर्मित हुए इन सभी निर्माण कार्यों में लोगों ने जमीन को खोखला बना कर बेसमेंट में या तो दुकानें निकलवा लीं या फिर इसमें पार्किंग के लिए जगह बना दी। जमीन का एक बड़ा हिस्सा खोखला हो गया जहां भूजल सहेजने के लिए जगह बनाई जानी थी वहां पार्किंग और मार्केट बन गया।

### वाटर हार्वेस्टिंग की कार्ययोजना का अभाव

शहर में निजी या सरकारी भवनों में नक्शा पास होने की शर्त में वाटर हार्वेस्टिंग का जिक्र जरूर आया लोगों ने शपथ पत्र भी भरा लेकिन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए कुछ नहीं किया गया। नगर निगम अगर जांच करे तो शहर में 90 फीसद इमारतों जो पिछले पांच सालों में बनी यहां वर्षा जल संग्रहण का कोई प्रयास नहीं मिलेगा। नगर निगम अगर चाहे तो अभी भी इन स्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए काम करवा सकता है।

### इस साल क्यों कम हुआ वाटर लेबल

यह प्रश्न उठना जायज है कि वाटर लेबल इस साल ही अचानक कैसे कम हो गया वह भी कुछ खास क्षेत्रों में? पूर्व में बताए गये कारण तो समझ में आते हैं लेकिन एक कारण जिस पर कम ही लोगों का ध्यान जाएगा। कटनी शहर में मिशन चौक फ्लाई ओव्हर का निर्माण हुआ इसमें निर्माण ऐजेंसी ने शहर के मुख्य मार्ग में बड़े बड़ बोर चांडक चौक से लेकर बरगवां तक कराए जिससे इसके अंतर्गत आने वाले आसपास में 50 से 100 मीटर तक के क्षेत्र का भूजल स्तर समाप्त हो गया। इसी तरह मझगवां से एनकेजे तक दुनिया में प्रसिद्ध हो रहा रेल फ्लाई ओव्हर ब्रिज के निर्माण के लिए भी निर्माण एजेंसी ने पूरे ब्रिज मार्ग में थोड़ी-थोड़ी दूर पर बड़े-बड़े बोर कराए जिसकी संख्या साढ़े तीन सौ से अधिक बताई जा रही। स्वाभाविक है 5 किलोमीटर के एरिया में इतनी अधिक तादात में बोर कराए जाएंगे तो वहां का भूजल स्तर कहां तक बचेगा? पर क्या करें निर्माण कार्य भी जरूरी है और जल की उपलब्धता भी आवश्यक है। आने वाला समय और भी अधिक कष्टकारी न हो इसके लिए जरूरी है भूजल स्तर मेंटेन करने का अभियान चलाया जाए निर्माण कार्यों में व्यर्थ पानी का उपयोग बंद हो। भूजल संग्रहण को अनिवार्य किया जाए साथ ही सीमेंट रोड निर्माण अगर जरूरी भी हो तो इसके आजू बाजू पानी सोखने के लिए पेवर ब्लाक जैसे उपाय किये जाएं परंपरागत जल स्त्रोतों को फिर से उन्नयन किया जाए यह सब कराना जरूरी है वरना सिर्फ गर्मी ही नहीं अन्य मौसम भी जल संकट की बरकरार रहेगा फिर चाहे जितने उपाय कर लिए जाएं।

---

# कटनी-बीना के बीच फर्राटे से दौड़ी ट्रेन




**कटनी।** बीना-कटनी रेलवे ट्रैक पर सागर से मकरोनिया स्टेशन के बीच बुधवार को तीसरी लाइन का परीक्षण किया गया। सागर से मकरोनिया के बीच शहरी क्षेत्र की बड़ी आबादी निवास करती है। साथ ही कैंट क्षेत्र भी इस लाइन के बीच शामिल था, जहां निर्माण हुआ। जानकारी के मुताबिक पश्चिम मध्य रेलवे अंतर्गत कटनी-बीना रेल लाइन के बीच लिधौरा-नरयावली 44 किलोमीटर रेल लाइन का तीसरे चरण का परीक्षण सागर से मकरोनिया स्टेशन के बीच आला अधिकारियों द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत आने वाले चार ब्रिजों और चार रेलवे फाटकों का भी निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने संतुष्टि जताई है। सुबह 8.30 बजे डीआरएम, चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर एस मित्रा, सीओसी वीके अग्रवाल, सीई प्रभात कुमार, डिप्टी सीई संजीव कुमार, ओमकर लवासिया,ने निर्माण एजेंसी के मनीष अग्रवाल, नीरज तिवारी और आशीष शुक्ला की मौजूदगी में मकरोनिया स्टेशन पहुंचकर विधिवत पूजन अर्चन किया। इसके बाद ट्राली से निरीक्षण शुरू किया। इस दौरान रेलवे फाटक 25, 26, 27 और 29 का भी निरीक्षण बारीकी से किया गया। वहीं साढ़े सात किलोमीटर में आने वाले 6 ब्रिजों की भी गुणवत्ता चेक की गई। सुबह से दोपहर दो बजे तक पहले ट्राली से बारीकियां देखी गईं। इसके आला अधिकारियों की स्पेशल ट्रेन से स्पीड ट्रायल किया। अर्थवर्क से हुए संतुष्ट: तीसरी लाइन के निरीक्षण में स्पीड ट्रायल से पहले भी कई बड़ी और प्रमुख चीजों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की जाती है। इसमें फाटकों, ब्रिजों के अलावा अर्थवर्क भी देखा जाता है। सागर मकरोनिया के बीच अर्थवर्क की गुणवत्ता और सटीकता के विषय मे रेलवे के आला अधिकारियों ने थोक बजाकर जांच की और बाद में इसकी प्रशंसा की। स्पीड ट्रायल के लिए आला अधिकारियों ने स्पेशल ट्रैन से ट्रैक की बारीकियां देखीं।

# दो ट्रक भिड़े, घंटों लगा रहा कटनी-जबलपुर रोड में जाम




**कटनी।** कटनी जबलपुर स्थित सिहोरा रोड पर आज दो ट्रकों में आमने सामने से भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों ट्रकों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं एक ट्रक के ड्राइवर अरुणाचलम की स्टेयरिंग में फंसने से मौत हो गई। दूसरे ट्रक के चालक राजकुमार के शरीर पर गंभीर चोटें आई है, जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे। पुलिस पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हटवाया, इसके बाद यातायात शुरु हो सका. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर की कटनी की ओर रवाना हुआ ट्रक जब ग्राम मोहला से सिहोरा की ओर बढ़ रहा था, इस दौरान कटनी की ओर से आए ट्रक से भिड़ंत हो गई, दोनों वाहनों में हुई भिड़ंत में सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हादसे में कटनी से जबलपुर की ओर आ रहे ट्रक के चालक अरुणाचलम की स्टेयरिंग में फंसने के कारण मौत हो गई, वहीं दूसरे ट्रक के चालक राजकुमार के शरीर पर गंभीर चोटें आई। घटना के बाद काफी देर तक राजमार्ग में जाम लगा रहा।

# बादल-बारिश से नम हुआ मौसम, उमस भरी गर्मी कर रही हलाकान



**कटनी।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से 48 घंटों से मौसम का मिजाज कभी नरम, तो कभी गरम बना हुआ है। आस-पास के जिलों में बादल- बारिश के चलते हवाओं में नमी घुली रही। हल्के बादल और नम हवाओं के बीच सुबह से सूरज की तेज धूप उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। दोपहर में धूप की तपन नम हवाओ के मेल से उमस भरी गर्मी लोगों को और हलकान कर सकती है। मौसम विभाग की माने तो शुक्रवार शनिवार को कटनी में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि कटनी सहित सिवनी, रीवा, सतना में आंधी चलने और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके असर से मौसम बदला रहेगा। लेकिन तापमान में ज्यादा बदलाव न होने से गर्मी का असर बना रहेगा। बहरहाल गुरुवार को नम हवाओं के साथ ही हल्के बादल और तेज धूप के कारण वातावरण में उसम भरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। गर्म हवाओं का असर कम रहा लेकिन उसम से लोग हलकान होते रहे। दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पर बना रहा। जिससे रात में भी हल्की उसम परेशान करती रही। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का असर अब भी बना हुआ है। अंडमान सागर में भी एक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय हो चुका है, जिसके प्रभाव में निम्न दाब क्षेत्र बना हुआ है।मौसम में आए बदलाव से तापमान में भी आंशिक गिरावट आई है। लोगों को झुलसाती गर्मी से राहत मिली है। लेकिन एक- दो दिन बाद मौसम के साफ होते ही तापमान में फिर दो से तीन डिग्री बढ़त देखी जा सकेगी।


**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 4 शो ता. 06 से
1, 4, 7, एवं रात्रि 10 बजे से




MULTIVERSE OF MADNESS (हिंदी में)

कलाकार- एलिजाबेथ ओलसेन, बेनेडिक्ट वोंग, माईकल स्टुबर्ग, रचेल आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

शानदार चौथा सप्ताह

रोजाना 2 शो ता. 29 से
12.30 एवं रात्रि 9.30 बजे से




KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)

कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 29 से
3.30, 6.30, एवं रात्रि 10.15 बजे से




RUNWAY-34 (हिंदी में)

कलाकार- अजय देवगन, अमिताभ बच्चन, रकुलप्रीत सिंह, बोमन ईरानी आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः– 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शुक्रवार, 06 मई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## पेयजल संकट को लेकर विधायक संजय पाठक ने अफसरों की ली क्लास

# लोग पानी के लिए परेशान और आप एसी चेंबर में बैठे

कटनी। शहर के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हो रहे हैं। सप्ताह में 3-4 दिन भी पानी नहीं मिल पा रहा। लोगों के प्यासे मरने की नौबत आ गई है और आप लोग एसी चेंबर में बैठे हुए हैं। ये बर्दाश्त के बाहर है। शहर में व्याप्त पेयजल जलसंकट को लेकर कल अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने अधिकारियों की क्लास लेते हुए जमकर खिंचाई की। श्री पाठक ने दो टूक कहा कि वे जरुरत बताएं। समस्या कहां है। ट्यूबवेल, टैंकर जो चाहिए बोलें, सभी सहयोग के लिए तैयार हैं लेकिन एक भी व्यक्ति का गला सूखा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शहर मेरा भी है। उन्होंने जलसंकट के स्थायी हल को लेकर भी अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सक्रियता दिखाना चाहिए। इस दौरान निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, पूर्व निगमाध्यक्ष संतोष शुक्ला, वेंकट खंडेलवाल पूर्व एमआईसी सदस्य मनीष पाठक, डॉ. राजीव बजाज आदि उपस्थित रहे। विधायक श्री पाठक ने जल प्रदाय विभाग के अधिकारियों से पेयजल संकट से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम की जानकारी मांगी, जिस पर टेंकरों से जलापूर्ति की बात सामने आई, जिस पर मौजूद पार्षदों ने ही नगर निगम के इन दावों की पोल खोल दी। पार्षदों ने कहा कि सुबह से शाम तक टेंकर का इंतजार करते रहते हैं लेकिन टेंकर नहीं आता। प्रभारी उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी ने बुधवार शाम को क्षेत्र में टैंकर से जलापूर्ति की बात कही, जिस पर विधायक श्री पाठक ने क्षेत्रीय पार्षद वेंकट खंडेलवाल से पूछा तो उन्होंने उपयंत्री के दावे को झूठा बताया और दोपहर तक वार्ड में पानी का टैंकर नहीं पहुंचने की जानकारी दी। इसके बाद विधायक श्री पाठक ने सभी पार्षदों से अधिकारियों का आमना-सामना कराकर व्यवस्था की कलई खोलकर रख दी।

### जमकर लगाई फटकार, कहा - ये मेरा भी शहर, जरूरत बताएं, सभी सहयोग के लिए तैयार



### 50 टैंकरों से होगी जलापूर्ति

शहर में भीषण पेयजल समस्या को देखते हुए और बैठक में मिली जानकारी के बाद विधायक श्री पाठक ने 50 टैंकर देने की घोषणा कर दी। अधिकारियों से कहा कि वे टैंकर की व्यवस्था कर लें। उन्होंने टनल से कटनी नदी बैराज तक पानी लाने के प्रयासों पर जानकारी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि चैनल काटकर टनल का पानी धुंधरा तक पहुंच चुका है। इस कार्य को तेजी से करने के लिए आवश्यक जनसहयोग लेने के लिए कहा। नगर के उद्योगपतियों से जन सहयोग के माध्यम से मशीनों ले जाकर नदी में नाली काटकर पानी के बहाव की गति बढ़ाते हुए पानी को शीघ्र ही बैराज तक लाने और वर्षा पूर्व नदी में जमा सिल्ट की सफाई कराने के लिए कहा। जरुरत होने पर स्वयं मशीन निःशुल्क देने की घोषणा की।

### इन बिन्दुओं पर विधायक ने दिए निर्देश

शिकायत होने पर मात्र संबंधित को ही पेयजल की आपूर्ति न की जाए। नगर की सुचारू आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए वार्डों में क्षेत्रवार टैंकरों से पानी सप्लाई करें। नगर निगम के इंजीनियर अपने क्षेत्र में सुबह 6 से लेकर 11 बजे तक सिर्फपानी की व्यवस्था देखें, उसके बाद कार्यालय आएं। जल प्रदाय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एक वाट्सअप ग्रुप बनाएं। फील्ड पर जाकर शिकायत निराकरण के फोटो ग्रुप में पोस्ट करें। शीघ्र ही टैंकरों का रूट चार्ट निर्धारित करें। इसकी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दें। वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए नागरिकों को जागरुक और प्रेरित करने अभियान चलाया जाए। नवीन स्वीकृत नक्शे में शत प्रतिशत घरों में वाटर हार्वेस्टिंग कराने तथा इसका शुल्क बढ़ाने पर विचार करें। निर्माण कार्यों पर रोक लगाएं। नगर में वाहनों की धुलाई के लिए संचालित हो रहे सर्विस स्टेशन पर फौरी रोक लगाएं। एलएंडटी कंपनी के बोरों और रेलवे के फ्लाईओवर के लिए बनाए नलकूप के पानी का उपयोग करें। नवीन नलकूप खनन में शीघ्रता से मशीन स्थापित कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।



## विधायक ने की माधवनगर में दो ट्यूबवेल उत्खनन कराने की घोषणा

उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर भी भीषण गर्मी में विकराल पेयजल संकट से जूझ रहा है। संत कंवरराम वार्ड व बाबा नारायशाह वार्ड में पेयजल समस्या से लोग बूंद-बूंद पानी को मोहताज है। क्षेत्र के नागरिक सुशील मोटवानी ने विजयराघवगढ़ विधायक पूर्व मंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक से भेंट करते हुये पेयजल संकट के संबंध में चर्चा की तथा आग्रह किया। पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुये श्री पाठक ने अपने निजी व्यय पर संत कंवरराम में 2 व बाबा नारायण वार्ड में 2 ट्यूबवेल उत्खनन कराने की घोषणा की। पेयजल संकट का समाधान कराये जाने पर सुशील मोटवानी ने वार्डवासियों की तरफ से विधायक संजय पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## लायंस क्लब कटनी क्लासिक की दो दिवसीय कैबिनेट बैठक कल से

### सांसद व्ही डी शर्मा करेंगे शुभारंभ, 128 क्लबों के मेम्बर आएंगे कटनी

कटनी। लायंस क्लब कटनी क्लासिक द्वारा इंटनरेशनल कांफ्रेंस 7 एवं 8 मई को होटल टीजीएस में आयोजित की गई है। जिसका शुभारंभ कल 7 मई को सांसद व्ही डी शर्मा करेंगे। कैबिनेट बैठक की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 67 साल बाद कटनी को मौका मिला है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मीता अग्रवाल ने बताया कि एक ऐसा कार्यक्रम कटनी जिले को मिला है, जिसमे एमपी, छत्तीसगढ़ के 128 क्लबों के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में डॉ. वी के लडिया सांसद की अगवानी करेंगे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मुकेश मीता अग्रवाल, अध्यक्ष संतोष ज्योति तिवारी, राम सिमरन माखीजानी, विकास स्वाति अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष अमित स्वाति अग्रवाल, सुरेश आरती सोनी, किशोर वंदवा बगड़िया, ललित वंदना सोनी, सुबोध अग्रवाल, अमित मनोरमा शुक्ला, डॉ. प्रसंग निधि बजाज, लता अग्रवाल, नरेन्द्र चौरसिया, प्रेमनारायण सोनी, शैलेन्द्र सोनिया सोंधिया, अशोक उमा भगेरिया, अनिरुद्ध स्वेता पुरवार, लक्ष्मी डोडानी, प्रदीप एकता मित्तल, पंकज अर्चना अग्रवाल, राजकुमार सीमा लहरिया, संजय ममता अग्रवाल, रामचरण रजक, मुदित, रूपम अग्रवाल, मयूर अग्रवाल, अनिल बनवानी, मृत्युंजय सपना आदि की उपस्थिति रही।

## सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ तपोभूमि घनश्याम बाग आश्रम में 24 मई से





**कटनी।** गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी, गुरु माता जिज्जी, बिहारी जी, शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं संपूर्ण भारतवर्ष के गुरु परिवार द्वारा पूज्य दद्दा जी की यज्ञ संख्या को आगे बढ़ाते हुए 132वां सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ महा रुद्राभिषेक 18 पुराणों के वाचन के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव डॉ अनिल शास्त्री के सानिध्य में तपोभूमि घनश्याम बाग आश्रम में 24 मई से 30 मई तक आयोजित किया गया है। आयोजन को लेकर डॉ अनिल शास्त्री एवं गुरुभाई संजय सत्येंद्र पाठक की उपस्थिति में शिष्य मंडल की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। कार्यक्रम में प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रातः 6:30 से 11 बजे तक, 11 बजे महा रुद्राभिषेक आरती प्रसादी, प्रतिदिन भजनों की प्रस्तुति प्रातः 8:30 बजे से 11 बजे तक, प्रतिदिन शाम 6 बजे से डॉ. अनिल शास्त्री द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन, रामलीला का मंचन प्रस्तुति प्रतिदिन शाम 7:30 से होगा। डॉ अनिल शास्त्री ने भारतवर्ष के गुरु परिवार एवं भक्त मंडल को सपरिवार आत्मिक रूप से सम्मान तपोभूमि घनश्याम बाग आश्रम सादर आमंत्रित किया है। गुरु परिवार पठार क्षेत्र ने भी श्रद्धालुओं से तपोभूमि घनश्याम बाग आश्रम पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## क्रेडिट कार्ड से अज्ञात व्यक्ति ने निकाले रूपए

कटनी। पीएचई कार्यालय में पदस्थ चौकीदार को बैंक द्वारा जबरिया दिए गए क्रेडिट कार्ड से लगातार अज्ञात व्यक्ति द्वारा खाते से पैसे निकाले जा रहे हैं। परेशान चौकीदार ने बैंक पहुंचकर क्रेडिट कार्ड बंद करवाने का निवेदन किया, लेकिन बैंक उसकी बात सुनने को तैयार नहीं है। बैंक से निराश हो चुके चौकीदार ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में जुहली निवासी गोविंद प्रसाद बर्मन ने बताया कि वह पीएचई में चौकीदार के पद पर पदस्थ है। उसका खाता एसबीआई कटनी मुख्य शाखा में है। बैंक में एक मैडम द्वारा उसे क्रेडिट कार्ड दिया गया। गोविंद ने क्रेडिट कार्ड लेने से मना किया, लेकिन मैडम ने जबरिया क्रेडिट कार्ड थमा दिया। उसका कहना है कि क्रेडिट कार्ड मिलने के बाद 23 अक्टूबर 2021 से लगातार उसके खाते से कोई पैसा निकाल रहा है। गोविंद ने बताया कि अब तक 20 हजार से अधिक रुपए क्रेडिट कार्ड से निकल चुके हैं। इतना ही नहीं बैंक का कहना है क्रेडिट कार्ड से 1 लाख का लोन भी लिया गया है। गोविंद का कहना है कि उसने कभी कोई लोन नहीं लिया है। परेशान होकर उसने एसपी को लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## फ्रंटलाइन स्टाफ को अपग्रेड और प्रशिक्षित कर रहा रेलवे

### रेल कर्मचारियों और मुसाफिरों के बीच संबंध प्रगाढ़ बनाने की दिशा में अनूठी पहल



**कटनी।** रेल मंत्रालय के तत्वाधान में रेल कर्मचारियों के सक्षमता संवर्धन के उद्देश्य से मिशन रेल कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम जबलपुर मंडल के कटनी मुड़वारा में भी आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से रेल कर्मचारियों में नागरिक कल्याण केन्द्रित दृष्टिकोण विकसित करने एवं उनमें अंतदृष्टि का विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। नागरिकों की बदलती जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। कार्यक्रम को एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत सिविल सेवाओं को बेहतर करने और उन्हें और अधिक बढ़ाने के लिहाज से इस मिशन को डिजाइन किया गया है, जो पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में एक शीर्ष निकाय द्वारा संचालित है। ये मिशन उपयुक्त सरकारी कार्यबल को एक योग्यता संचालित क्षमता निर्माण दृष्टिकोण की आवश्यकतानुसार उन्हें अपनी भूमिकाओं के निर्वहन के लिए महत्वपूर्ण दक्षताओं को प्रदान करने पर केंद्रित होगा। यह सिविल सेवाओं के लिए एक सक्षम ढांचे के रूप में तैयार किया गया है जो पूरी तरह से स्वदेशी है।

### एक लाख कर्मचारी शामिल हो रहे ट्रेनिंग में

रेलवे फ्रंटलाइन स्टाफको नागरिक केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अपग्रेड और प्रशिक्षित कर रही है, इसके लिए संयुक्त सचिव स्तर की समिति का गठन किया गया है। प्रशिक्षण द्वारा रेलवे आम नागरिकों की कठिनाइयों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है, इसे यात्रियों के लिए ओर भी अनुकूल बना रही है। फ्रंटलाइन स्टाफ के प्रशिक्षण में 1 लाख कर्मचारी शामिल हो रहे हैं, जिनमें ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर्स, स्टेशन मास्टर्स, बुकिंग क्लर्क, पार्सल क्लर्क और गुड्स क्लर्क शामिल हैं। कर्मचारियों को 1 हजार मास्टर प्रशिक्षुओं द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। इस परियोजना की मॉनिटरिंग के लिए रेल कर्मयोगी वेबसाइट बनाई गई है। मिशन कर्मयोगी रेल से यात्रा करने वाले करीब 2.2 करोड़ यात्रियों के रेलवे के प्रति विश्वास को पुख्ता कर उनकी संतुष्टि को बढ़ाएगा।

### ट्रेनिंग में कई स्टेशन से आए कर्मचारी

इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में रीवा, सतना, मैहर, ब्योहारी, बरगवां, सागर, दमोह क्षेत्र से सैकड़ों कर्मचारियों को बैच के अनुसार प्रशिक्षित किया जा रहा है। ट्रेनिंग कार्यक्रम अपर मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर विश्व रंजन, मंडल वाणिज्य निरीक्षण पवन नेमा के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। ट्रेनिंग सेंटर की व्यवस्था राजाराम राय देख रहे हैं। प्रशिक्षण देने हेतु भारतीय रेल प्रबंधक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ से प्रमाणित मास्टर ट्रेनर डॉ मुहम्मद शमशाद, सुनील कुमार कहार, लक्ष्मीकांत शुक्ला, वीरेंद्र सरोज एवं विवेक तिवारी सुपर ट्रेनर को नामित किया गया है।



## युवाओं को मंच देकर उनकी प्रतिभा निखारने का प्रयास

### युवा कांग्रेस ने शुरू की यंग इंडिया के बोल भाषण प्रतियोगिता

कटनी। यंग इंडिया के बोल भाषण प्रतियोगिता पार्ट 2 को लांच करने कटनी पहुंची युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती पराग शर्मा ने पत्रकार वार्ता में यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि युवा कांग्रेस द्वारा नए युवाओं को मंच देकर उनकी प्रतिभा निखारने का प्रयास किया जा रहा है। देश भर में भाजपा के कुशासन के खिलाफ उठाई जाएगी। ये आयोजन देश भर में राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास एवं कृष्णा अल्लवरू के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनु दीक्षित, एनएसयूआई राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशु अंशू मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता श्रेहा रौनक खंडेलवाल, बहोरिबंद विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव, बड़वारा अध्यक्ष विकास निगम, प्रवक्ता विकास दुबे, अर्चना तिवारी, निवेदिता द्विवेदी, अफजल खान अर्जित खरे की उपस्थिति रही।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए - 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,
जबलपुर रोड बरगवां,
कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

From 29th April 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL



| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| RUNWAY-34 | 10.30 AM | KGF | 9:45 AM | Heropanti-2 | 10:45AM |
| KGF | 1:15 PM | Heropanti-2 | 1:00 PM | RUNWAY-34 | 1:30 PM |
| RUNWAY-34 | 4:30 PM | Heropanti-2 | 4:00 PM | RUNWAY-34 | 4:15 PM |
| Heropanti-2 | 7:15 PM | Heropanti-2 | 6:45 PM | RUNWAY-34 | 7:00 PM |
| RUNWAY-34 | 10:00 PM | Heropanti-2 | 9:30 PM | KGF | 9:45 PM |

Paytm
book my show
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
शनिवार, 7 मई 2022
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन
चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?
अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।
सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि:शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL We Cure with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
नि:शुल्क BMD शिविर
शनिवार, 7 मई 2022
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन
चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?
अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।
सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि:शुल्क अस्थि जाँच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL We Cure with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

# जुझारी के चार हैंडपंपों का होगा गहरीकरण





**कटनी।** गर्मियों के इस मौसम में न केवल कटनी शहरी क्षेत्र बल्कि पूरा ग्रामीण क्षेत्र पेयजल के गंभीर संकट का सामना कर रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर पेयजल समस्या के निदान के लिए हर संभव कदम उठाये जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए बहोरीबंद एसडीएम संघमित्रा गौतम ने मंगलनगर को क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था देखी। उन्होंने पेयजल समस्या को लेकर ग्राम जुझारी, निपनिया, किवलारी का भ्रमण कर आम जन से चर्चा की। ग्राम जुझारी में भ्रमण के दौरान 4 हैंडपम्प में विस्तारीकरण करने के लिए पीएचई को निर्देशित किया साथ ही विस्तारीकरण का कार्य भी प्रारंभ कराया गया।

### मोटर लगाकर की जाएगी जलापूर्ति, निरीक्षण के बाद एसडीएम ने दिए निर्देश

ग्राम निपनिया में एक हैंडपम्प में मोटर डाल कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए वहीं ग्राम किवलारी में भी एक हैंडपम्प की मोटर खराब पाए जाने पर पंचायत को सुधरवाने हेतु निर्देशित किया। पथराड़ी पिपरिया में संचालित नवीन नल जल योजना का भी एसडीएम ने निरीक्षण किया। ग्रामीण जनों ने बताया कि योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति हो रही है। इस दौरान पीएचई व पंचायत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## अमीरगंज पहुंचे निगमायुक्त, ली जलापूर्ति की जानकारी, अतिरिक्त नलकूप खनन कराने निर्देश



**कटनी।** वर्तमान ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों की पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने हेतु कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। जिला कलेक्टर प्रयंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा भी नगर के विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया जाकर नागरिकों से पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के निर्देश प्रदान किये जा रहे है। पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा मंगलवार प्रातः रविन्द नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीर गंज पहुंचर नागरिकों से जल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। सहायक यंत्री अश्विनी पाण्डेय द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में लगभग 400 फीट की बोरिंग कराने के पश्चात भी पानी नहीं मिल सका जिसपर निगमायुक्त द्वारा पेयजल के पुराने स्त्रोतों पर मशीन बैठाकर जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। नागरिकों की पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए स्थल का निरीक्षण कराते हुए एक नग नवीन नलकूप खनन कार्य कराने तथा अतिरिक्त टैकरों के माध्यम से वार्ड की पेजयल की व्यवस्था सुचारू करनें हेतु निर्देशित किया गया। क्षेत्र स्थित अमीर गंज तालाब के सौदर्यीकरण कार्य के संबंध में सहायक यंत्री सुनील सिंह से जानकारी ली जाकर कार्य में गति प्रदान करने तथा संबंधित नस्ती को समक्ष में प्रस्तुत करनें के नर्देश प्रदान किये गए।

# बोर्ड परीक्षाओं में फिर अव्वल एसीसी स्कूल

### एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने हासिल किए 85 फीसदी से अधिक अंक





**कैमोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में एसीसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिणाम अत्यंत सराहनीय रहे। इस विद्यालय के एक दर्जन से भी अधिक विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में 85 फीसदी से अधिक अंक अर्जित कर राज्य शासन की प्रतिभाशाली छात्र - छात्रा प्रोत्साहन योजना की पात्रता हासिल करते हुए अपने नगर और विद्यालय का नाम रोशन किया है। कोरोना काल में कक्षाओं का नियमित संचालन नहीं हो पाने के बावजूद विद्यार्थियों की इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य सुधांशु मिश्रा एवं कुशल तथा अनुभवी अध्यापक . अध्यापिकाओं को जाता है। एसीसी के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी ने विद्यार्थियों की इस कामयाबी पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई प्रेषित की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हायर सेकेंडरी परीक्षा में छात्र प्रभात नारायण पयासी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रभात को 500 में से 455 अंक प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार छात्र अभय पटेल ने 90 फीसदी अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। अभय को 500 में से 452 अंक मिले हैं। 442 एवं 441 अंकों के साथ छात्रा वन्दना जयसवाल क्रमश तीसरे और प्रिंसि परौहा चौथे स्थान पर रहीं। दोनों को 88 फीसदी से भी अधिक अंक प्राप्त हुए। इसी प्रकार हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक लाकर छात्रा अनुश्री शुक्ला पहले स्थान पर रहीं। उन्हें 500 में से 453 अंक प्राप्त हुए। छात्र मो. राशिद मंसूरी ने 89 फीसदी अंकों के साथ दूसरा और सिद्धार्थ पांडेय ने 88 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा जया उरमलिया, खुशनुमा परवीन, प्रिया मिश्रा ने भी 86 से लेकर 88 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये हैं। बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अपने अभिवावकों को दिया।

### शासन की योजना के तहत मिलेगा 25 हजार का नगद पुरूस्कार

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा प्रोत्साहन योजना के तहत बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप के लिए 25 हजार रुपए का नगद पुरूस्कार प्रदान किया जाता है। एसीसी विद्यालय के इन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी शासन की इस योजना का लाभ मिलेगा।

# हीट स्ट्रोक से बचना है तो खूब पिएं पानी

### बढ़ती गर्मी और लू से बचने चिकित्सकों ने दी सलाह

**कटनी। बढ़ती गर्मी और लू की चपेट में आने से बचने के लिये यदि प्यास नहीं भी लगी हो, तो भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। नींबू पानी, छाछ, लस्सी, जूस और ओआरएस का घोल शरीर को पानी की कमी से बचाये रखता है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा आदि अधिक पानी की मात्रा वाले फल और सब्जियां खाएं। घर से निकलते वक्त पानी की बॉटल साथ रखें।**



### सीधी धूप से बचें

घर से बाहर निकलते वक्त अपने सिर को टोपी, दुपट्टे, छाता, गमछा या किसी अन्य कपड़े से ढंक कर ही निकलें, सीधी धूप में आने से बचें। अगर बाहर निकलना आवश्यक न हो, तो घर में ही रहें और अपने आवश्यक काम हो सके तो सुबह और शाम करें। टीवी, रेडियो, समाचार-पत्र आदि के माध्यम से तापमान पर नजर रखें। घर के ऐसे दरवाजे और खिड़कियाँ, जो सीधे धूप के प्रभाव में रहते हैं, उन्हें बंद रखें या पर्दे ड़ालकर रखें। इन्हें रात में शुद्ध हवा के लिये खोलें।

### इन्हें अतिरिक्त सावधानी की आवश्यकता

बच्चे, गर्भवती महिलाएँ, मानसिक रोगी, ब्लड प्रेशर, ह्रदय रोग आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति अतिरिक्त सावधानी बरतें। सामान्यतः शरीर का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस से 37.2 डिग्री सेल्सियस होता है। लू लगने पर तापमान में बढ़ोत्तरी, घमोरियाँ, हाथ-पाँव और टखनों में सूजन, बेहोशी, माँसपेशियों में ऐठन आदि हो सकती हैं। हीट स्ट्रोक ह्रदय, श्वसन और किडनी के मरीजों को पेरशानी में डाल सकता है। अगर आप धूप से आएँ हैं और चक्कर, बेहोशी, जी मचलाना, उल्टी, सिरदर्द, तीव्र, प्यास और साँस-धड़कन तेज हो गई है, तो फौरन ठंडे स्थान पर पहुंचे और ठंडे पेय पदार्थ लेना शुरू कर दें। खाना बनाते समय दरवाजा और खिड़की खोलकर रखें। चाय, काफी, साफ्ट ड्रिंक और जिनमें अधिक मात्रा में शक्कर होती है ऐसे पेय पदार्थों का सेवन न करें। यह पदार्थ शरीर के जल को कम करते हैं और पेट में मरोड़ उत्पन्न करते हैं। बासी भोजन करने से बचें। अधिकतम पानी का सेवन सर्वोत्तम है। अगर एक घंटे से अधिक समस्या रहती है, तो चिकित्सकीय सलाह लें।

## सामुदायिक भवनों के उपयोग की अनुमति के लिए 7 दिन पहले करना होगा आवेदन

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा संकल्प परित किया जाकर नगरीय सीमान्तर्गत विभिन्न वार्डो में स्थित सामुदायिक भवनों के उपयोग हेतु दरें निर्धारित की गई है। परित संकल्प अनुसार सामुदायिक भवन के उपयोगकर्ता को निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त विद्युत व्यवस्था व भवन के अंदर व परिसर की सफाई व्यवस्था स्वयं के व्यय से करनी होगी।

प्रभारी अधिकारी बाजार शाखा द्वारा बताया गया कि सामुदायिक भवन के उपयोग हेतु नागरिकों द्वारा कार्यक्रम के पूर्व तत्काल आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सामुदायिक भवन के उपयोग की अनुमति चाही जाती है, जिससे समय सीमा में राशि जमा कराने मे असुविधा का सामना करना पडता है।

अतः कार्य सुविधा की दृष्टि से आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सामुदायिक भवन के उपयोग की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कार्यक्रम आयोजन के सात दिवस पूर्व नगर निगम में प्रस्तुत करनें तथा आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, एवं अन्य दस्तावेज प्रमाणित कर संलग्न करने पर ही आवेदन पत्र मान्य किया जावेगा। निर्धारित समय अवधि के पश्चात आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर विचार नहीं किया जावेगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का शुभारंभ

### लाड़ली संगोष्ठी का आयोजन कर बाल विवाह के प्रति किया जा रहा जागरूक





**कटनी।** जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 मई से 11 मई तक लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्र के स्तर पर किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उत्सव मनाने का क्रम 11 मई तक जारी रहेगा। अक्षय तृतीया अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में लाडली संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बालिकाओं और किशोरियों को बाल विवाह रोकथाम की जानकारी दी गई ताकि वे स्वयं एवं ग्रामवासी इस कुरीति से बचे।इससे पहले 1 मई को लाडली उत्सव के आयोजन को लेकर जिले की सभी 1712 आंगनवाड़ी केंद्रों में दीवार लेखन कार्य कराया गया और पंपलेट व बैनर के माध्यम से उत्सव की जानकारी दी गई। 2 मई को सभी लाडली बालिकाओं को आंगनवाड़ी केंद्रों में आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। बालिकाओं द्वारा पोस्ट कार्ड में बधाई संदेश लिखकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को योजना से लाभ के लिए धन्यवाद भेजा गया। जिले में 2 मई को ही 27 नवजात बालिका को भी उनके घर जाकर बधाई दी गई। अधिकारी नयन सिंह ने बताया 11 मई तक आंगनवाड़ी केंद्रों में लाडली उत्सव के अंतर्गत अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# उपनगरीय क्षेत्रों में रात्रि में भी सेवाएं दे रहे स्वच्छता दूत







**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित मानदंडों के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत विगत रात्रि उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के एम.ई.एस कॉलोनी, कैरिन लाईन, बजार क्षेत्र, नगरीय क्षेत्र स्थित बस स्टैंड परिसर सहित विभिन्न मुख्य मार्गो की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य कराया गया।

प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गा पन्ना मोड, पहरूआ मंडी रोड, कुठला मुख्य मार्ग, चांडक चौक से आजाद चौक, मिशन चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न मुख्य मार्गो, शिवा जी वार्ड स्थित स्वास्थ्य केन्द्र मुख्य मार्ग, बरही रोड सिटी मॉल के बाजू से मलमे का उठाव कार्य, सूर्या होटल के सामने के डिवाइडर, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, कुठला पुल डिवाइडर, बस स्टैंड परिसर, झंडा बाजार, घंटाघर, अंबेडकर वार्ड मुख्य मार्ग, वेंकट वार्ड अंडरब्रिज, फॉरेस्टर वार्ड के विभिन्न स्थलों, कावस जी वार्ड गड्ढाटोला मलिन वंशकार बस्ती सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मुख्य मार्गो सहित वार्डो की अन्य गलियों की सफाई का कार्य कराया गया।

### उच्च स्तरीय सफाई हेतु किये जा रहे निरंतर प्रयास

सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न स्थलों के कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराई जाकर विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य कराया जाकर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड एवं अन्य वार्डो के नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी प्रदान की जाकर गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक रखने हेतु दो डस्टबिन का उपयोग करनें की सलाह दी गई। नगर के नाले एवं नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शंकरगढ बस्ती, जालपा देवी वार्ड के विभिन्न स्थलों की नालियों, महात्मा गांधी वार्ड में सूरज यादव मार्ग स्थित नालियों, मिशन चौक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड बिलगवां बस्ती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड रामकुमार स्कूल गली, कावस जी वार्ड विवेकानंद चौक के पीछे लल्लू भाईजान के घर के सामने, डॉ डी शंकर के पीछे से टावर वाली गली, अज्जू पटेल के सामने वाली गली एवं अन्य गलियों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।



## दिगम्बर जैन और अंजुमन स्कूल पहुंचे तिलक कॉलेज के प्राध्यापक

### कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को दी उच्च शिक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर खरे एवं नोडल अधिकारी डॉ. हेमलता गर्ग के निर्देशन में चलाये जा रहे कॉलेज चलो अभियान के तहत डॉ. कुमुद श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एवं डॉ. अजय ठाकुर सहायक प्राध्यापक भूगोल ने दिगम्बर जैन स्कूल एवं अंजुमन स्कूल पहुंचकर वहां के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत चलाये जा रहे नए महाविद्यालयीन पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। साथ ही महाविद्यालयों में अध्ययन के लिए प्रवेश पर शासन की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री मेधावी योजना, संबल योजना, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना आदि से मिलने वाले लाभों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। साथ ही पुस्तकालय में उपलब्ध स्टेशनरी एवं पाठ्यक्रम से संबंधित किताबों की सुविधा के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही ई-कांटेक्ट, ई-क्लासरूम के द्वारा अध्यापन कराये जाने से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

# मकान में कब्जे के विवाद पर खूनी संघर्ष

**एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर, बाकल बस स्टैंड क्षेत्र में वारदात**

कटनी। बाकल थाना अंतर्गत बाकल बस स्टैंड क्षेत्र में मकान में कब्जे के विवाद पर हुए खूनी संघर्ष में एक ही परिवार के तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बाद में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाकल बस स्टैंड क्षेत्र निवासी विश्वकर्मा परिवार के दो भाइयों के बीच मकान में कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है।







बताया जाता है कि विकलांग बड़े भाई के मकान में दबंग छोटे भाई ने कब्जा करके रखा हुआ है। बड़ा भाई न्यायालय से भी केश जीत चुका है तथा न्यायालय ने भी कब्जा खाली करने के आदेश दिए हैं। इसके बावजूद छोटा भाई मकान खाली नहीं कर रहा। इसी बात को लेकर गतदिवस विवाद हुआ तो छोटे भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर दबंगई दिखाते हुए विकलांग बड़े भाई व उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। मारपीट में 22 वर्षीय संदीप विश्वकर्मा, 59 वर्षीय कृपाराम विश्वकर्मा, 26 वर्षीय प्रेम बाई विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आईं हैं। सभी का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। मारपीट करने वालों में राजू विश्वकर्मा, लोकमन विश्वकर्मा व ओंकार विश्वकर्मा शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**अब तीसरी अज्ञात लाश का भी राज बरकरार, जांच में जुटी पुलिस**

## बाणसागर के भराव क्षेत्र से एक और लाश बरामद

**अक्टूबर, जनवरी में मिली लाश की नहीं हुई शिनाख्त**

**कटनी/बरही।** बाणसागर का भराव क्षेत्र महानदी लाशें उगल रही है। जिनकी शिनाख्त करने में पुलिस के पसीने छूट रहे है। बरही थाना अंतर्गत महानदी के भराव क्षेत्र में उतराती हुई एक और लाश शुक्रवार की सुबह बरामद की गई है। जिसकी शिनाख्तगी के प्रयास में पुलिस जुटी हुई है। एक साल के अंतराल में महानदी बाणसागर भराव क्षेत्र में मिली यह तीसरी लाश है, जिसकी शिनाख्तगी नही हो पाई है। इस संबधं में बरही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि महानदी के भराव क्षेत्र उबरा के पास पानी मे उतराती हुई लाश बरामद की गई है। मृतक अज्ञात पुरुष की लाश मिलने के बाद शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। बहरहाल सारे पहलुओं की जांच करने में पुलिस जुटी हुई है। गौरतलब है कि विगत अक्टूबर माह के बाद जनवरी माह में अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया था, जिनकी शिनाख्तगी अभी तक नही हो पाई है तो वही 2 माह पूर्व भी एक प्रेमी युगल का शव भी बरही पुलिस ने बरामद किया था। इस घटना में युवती शहडोल जिले की थी जबकि युवक सतना जिले का था। महानदी के बाणसागर भराव क्षेत्र में लगातार मिल रही लाशें आखिर किसकी है। यहां दिनभर मछली ठेकेदार के कर्मचारी जाल डालने, मछली निकालने का कार्य करते हैं। सैकड़ो कर्मचारियों का रिकार्ड भी बरही पुलिस के पास नही है। बताया गया है कि लाश को जलीय जानवरो ने बुरी तरह से नोच डाला है। जिससे शव की पहचान कराने में भी पुलिस को परेशानी हो रही है।

## कटनी-बिलासपुर रेलखंड की चार ट्रेनें रद्द

**कटनी।** रेल प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में किए जा रहे अनुरक्षण कार्यों के चलते कटनी-बिलासपुर रेलखंड की चार जोड़ी यात्री गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 05 मई से लेकर आगामी 24 मई तक रद्द रहेंगी। रेलवे के मुताबिक 05 मई से लेकर 24 मई तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रतिदिन कटनी मुड़वारा होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 18236/18235 भोपाल-बिलासपुर-भोपाल निरस्त रहेगी। इसी प्रकार 05 मई से लेकर 23 मई तक कटनी जंक्शन होकर प्रतिदिन चलने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा तथा 06 मई से लेकर 24 मई तक प्रतिदिन रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**गुमइंसान कायम कर पुलिस भी ले रही खोजखबर**

## लापता युवक की तलाश में परेशान हो रहा मित्र का परिवार

**कटनी।** कोतवाली के दुबे कालोनी क्षेत्र से विगत एक मई की सुबह से लापता हुए दोस्त की तलाश में एक युवती यहां वहां भटक रही है। युवती के द्धारा दोस्त के लापता होने की सूचना पुलिस को भी दी गई है। पुलिस भी गुमइंसान कायम करते हुए लापता दोस्त की तलाश कर रही है। इस संबंध में दुबे कालोनी क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय कर्णिका पिता रवीन्द्र कुमार वर्मा ने यशभारत को बताया कि उसकी काफी समय से लखेरा निवासी 32 वर्षीय गगन पिता सुरेश चंद्र गुप्ता से दोस्ती है। गगन उसके साथ ही दुबे कालोनी स्थित उसके मकान में रहता था। दोस्ती होने के बाद वह एक दो बार काम के सिलसिले में दुबई भी गया। दुबई से लौटने के बाद गगन उसके साथ ही दुबे कालोनी स्थित मकान में था। कर्णिका के मुताबिक बीती एक मई की सुबह 8 बजे के लगभग गगन घर से बिना बताए निकला तो फिर वापस नहीं लौटा। उसकी यहां-वहां कई जगह खोजखबर लेने पर भी पता नहीं चला तो सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमइंसान कायम करते हुए लापता गगन की तलाश शुरू कर दी है।



**कर्जदारों से था परेशान**

एक जानकारी में कर्णिका ने यह भी बताया कि काम के सिलसिले में शहर के कुछ लोगों से कर्ज भी लिया था। उसके ऊपर 4 से 5 लाख रूपए के लगभग कर्ज था। कर्णिका ने बताया कि गगन को कर्ज देने वाले लोग उसको फोन करके रोज परेशान करते थे। जिससे वह मानसिक रूप से भी परेशान था। कर्णिका का कहना है कि गगन कर्जदारों से परेशान होकर ही कहीं चला गया है।

## कटनी पहुंचे नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**कटनी।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह कल कटनी पहुंचे। उन्होंने कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन के निवास पर स्वल्पाहार किया तथा कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ संघर्ष का आवाहन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष ठाकुर गुमान सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गण, मोर्चा संगठन और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शहर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।





**इंटक परिषद कार्यालय भी गए**

कटनी प्रवास के दौरान जिला इंटक परिषद कार्यालय पहुंचने पर प्रतिपक्ष नेता गोविंद सिंह का यहां भी स्वागत किया गया। इस दौरान जिला इंटक परिवार के बीएएम तिवारी, राम नरेश त्रिपाठी, हरिशंकर शुक्ला, एसएन शुक्ला, केसी रजक, मुजजु खान, विजय पटेल पठारिया, फिरोज अहमद, दीपक पंत गिरधारी लाल सोनी, सुमन रजक, यशवंत सिंह, पंकज चौधरी, अशोक पाठक नामदेव, सुजीत द्विवेदी, कल्लू बेरागी, देवीदीन गुप्ता, संजय सिंह, शहजाद हुसैन, की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राजा जगवानी ने किया।

**परीक्षार्थियों को सुविधा देने रेलवे का निर्णय**

## रीवा-राजकोट के बीच भी चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

**कटनी।** रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित नॉन टेक्निकल पापुलर कैटेगरी परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर जबलपुर-नांदेड़-जबलपुर के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया था। अब परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रीवा-राजकोट-रीवा के बीच कटनी जंक्शन होकर एक और परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन रीवा तथा राजकोट दोनों दिशाओं में 1-1 ट्रिप चलाई जाएगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 02194 रीवा से राजकोट 07 मई शनिवार को जबलपुर से रात 22:40 बजे प्रस्थान करके सतना स्टेशन 23:50 बजे पहुंचकर अगले दिन मैहर स्टेशन 00:20 बजे, कटनी स्टेशन 01:25 बजे, जबलपुर स्टेशन 02:50 बजे, नरसिंहपुर स्टेशन 04:05 बजे, गाडरवारा स्टेशन 04:38 बजे, पिपरिया स्टेशन 05:15, इटारसी 06:40 बजे, होशंगाबाद 07:18 बजे, भोपाल 09:20 बजे, संत हिरदाराम नगर 09:50 बजे, सुजालपुर 10:50 बजे, उज्जैन 12:50 बजे, नागदा 13:58 बजे, रतलाम 14:35 बजे, गोधरा 17:16 बजे, छायापुरी 18:00 बजे, आनंद 18:35 बजे, अहमदाबाद 20:00 बजे, विरमगांव 21:28 बजे, सुरेन्द्र नगर 22:35 बजे, वाकानेर 23:35 बजे और तीसरे दिन राजकोट 00:45 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02193 राजकोट से रीवा परीक्षा स्पेशल ट्रेन 09 मई सोमवार को रात्रि में 23:05 बजे रवाना होकर वाकानेर स्टेशन 23:45 बजे पहुंचकर अगले दिन सुरेन्द्र नगर स्टेशन 00:53 बजे, विरमगांव स्टेशन 01:55 बजे, अहमदाबाद स्टेशन 03:00 बजे, आनंद स्टेशन 04:18 बजे, छायापुरी स्टेशन 04:55 बजे, गोधरा स्टेशन 05:50 बजे, रतलाम स्टेशन 08:20 बजे, नागदा 09:33 बजे, उज्जैन 11:15 बजे, सुजालपुर 12:57 बजे, संत हिरदाराम नगर 14:25 बजे, भोपाल 15:00 बजे, होशंगाबाद 16:10 बजे, इटारसी स्टेशन 16:50 बजे, पिपरिया स्टेशन 18:05 बजे, गाडरवारा स्टेशन 18:43 बजे, नरसिंहपुर स्टेशन 19:18 बजे, जबलपुर स्टेशन 20:25 बजे, कटनी स्टेशन 21:50 बजे, मैहर स्टेशन 22:48 बजे, सतना स्टेशन 23:15 बजे और तीसरे दिन 00:20 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। परीक्षा स्पेशल ट्रेन में 01वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 06 सामान्य श्रेणी तथा गार्ड कम ब्रेकवान के 2 कोच सहित कुल 21 कोच रहेंगे ।

## भारत स्काउट गाइड के बच्चों ने भी संभाली यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने की कमान



**कटनी।** गर्मियों के सीजन में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, रेल प्रशासन के साथ-साथ अब भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने भी रेलयात्रियों को ठंडा पानी पिलाने की कमान अपने हाथ में ले ली है। भारत स्काउट गाइड द्वारा सेवा भावना से रेल यात्रियों को प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दिया जा रहा है। इनके द्धारा जबलपुर रेल मंडल के न्यू कटनी जंक्शन हाल्ट स्टेशन के अलावा जबलपुर व सागर सहित कई रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को शीतल जल निःस्वार्थ सेवा भावना से उपलब्ध कराकर पीने के पानी की आवश्यकता पूरी की जा रही है। जबलपुर और कटनी रेल्वे स्टेशन पर जल सेवा का कार्य स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा विगत 4 मई से प्रारंभ किया गया है। जिसमें जगदीप पांडे एवं राहुल कश्यप लीडर्स का सराहनीय योगदान रहा। इनके द्वारा गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने व खाली बॉटल में शीतल जल भरने का काम निरन्तर किया जा रहा है।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



रत्ना गार्डन




मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
गार्डन मात्र 51000/-


### केविएट एप्लीकेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम कटनी द्वारा माननीय न्यायालय जबलपुर में निकाय द्वारा जारी म.प्र. आउटडोर नियम अंतर्गत लोकेशन लोकेटर गैन्ट्री की निविदा, यूनिपोल की निविदा एवं पोल कियोस्क की निविदा के विषय में नागरिकों द्वारा एकपक्षीय आदेश एवं उससे संबंधित विवाद के संबंध में केविएट दर्ज की जा रही है। अतः यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था आदि द्वारा उपरोक्त लोकेशन लोकेटर गैन्ट्री की निविदा, यूनिपोल की निविदा एवं पोल कियोस्क की निविदा के विषय में रिट याचिका प्रस्तुत करेगा, यह प्रक्रिया अनुसार याचिका कि अग्रिम प्रति आवश्यक रूप से नगर पालिक निगम कटनी के अधिवक्ता श्रेयस दुबे एस-10, 11 स्नेह नगर मेन रोड जबलपुर म.प्र. मोबाइल 9407320282 एवं ई-मेल adv.shreyasd@gmail.com के कार्यालय में आवश्यक रूप से पावती प्राप्त करें।

**दिनांक- 05.05.2022, आयुक्त- नगर पालिक निगम, कटनी**


JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740



श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स



हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में....
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
मो. -7869171856 7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी



HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking



City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)